Form no. III

फर्द अहकाम

(नियम 226)

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज मोहनलाल बनाम कैलाश व अन्य दीवानी वाद संख्या 40/2017 1	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
08-10-2024	अधिवक्ता उभय पक्ष उपस्थित। प्रतिवादी के अधिवक्ता की ओर से उपस्थिति पत्र प्रस्तुत किया गया। वादी की ओर से प्रार्थनापत्र अंतर्गत आदेश 6 नियम 17 सी.पी.सी. पेश किया, जिसकी नकल दिला गई। बहस प्रार्थनापत्र सुनी गई। पत्रावली का अवलोकन किया गया। वादी की ओर से वादपत्र में तारीख 13-09-1972 को संशोधित कर दिनांक 13-09-1978 अंकित किए जाने का निवेदन किया। यद्यपि इस प्रकरण में विचारण प्रारम्भ हो चुका है और यह पुराना प्रकरण है, किन्तु वादी ने सहवन से गलत तारीख अंकित होना बताया है। वादी के प्रार्थनापत्र प्रस्तुत करने से हुए विलम्ब, चाहे गए संशोधन की आवश्यकता आदि समस्त हालत को मद्देनजर रखते हए वादी प्रार्थनापत्र का प्रार्थनापत्र सव्यय स्वीकार करना न्यायोचित प्रतीत होता है। अतः वादी की ओर से प्रस्तुत प्रार्थनापत्र अंतर्गत आदेश 6 नियम 17 सी.पी.सी. राशि 2000/-की कोस्ट पर स्वीकार कर वादपत्र के पैरा संख्या 2 में अंकित दिनांक 13-09-1972 को लाल स्याही से संशोधित कर दिनांक 13-09-1978 अंकित किया जाता है। साक्ष्य वादी में आज कोई गवाह उपस्थित नहीं। आगामी दिनांक पर वादी अपने समस्त गवाहों को उपस्थित रखे तथा तारीख पेशी से पूर्व समस्त गवाहों के शपथपत्र प्रस्तुत करे। उस दिन उपस्थित गवाह के बयान ही लिए जाएंगें। पत्रावली साक्ष्य वादी में दिनांक 22-10-2024 को पेश हो।	

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज लक्ष्मण सिंह बनाम लाल सिंह व अन्य दीवानी इजराय संख्या 11/2017, 132/2013	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज लक्ष्मण सिंह बनाम लाल सिंह व अन्य दीवानी इजराय संख्या 11/2017, 132/2013	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए